

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 17 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 74 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

यूं ही नहीं मिलती मंजिलें एक जुनून सा दिल में जगाना होता है पूछा चिड़िया से कैसे बनाया आशियाना बोली भरनी पड़ती है उड़ान बार–बार तिनका तिनका उठाना होता है

## नवादा में चमका नालंदा का खेल परचम – राज्य स्तरीय रग्बी चौंपियनशिप में महिला टीम बनी चौंपियन, पुरुष टीम उपविजेता

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नवादा (बिहार)** रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में नवादा में आयोजित दो दिवसीय 12वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष रग्बी चौंपियनशिप 2026 का रविवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में नालंदा जिले के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का परचम लहराया है। नालंदा की महिला टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त किया, वहीं पुरुष टीम ने भी कड़े मुकाबले में उपविजेता का स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया।

14 और 15 मार्च तक चली इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मुकाबले में नालंदा की महिला टीम ने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव रेंसी राकेश राज ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नालंदा के खिलाड़ी लगातार राज्य और राष्ट्रीय पटल पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं, जो खेल जगत के लिए सुखद संकेत है।

चौंपियन बनी महिला टीम का नेतृत्व कप्तान चुंचुन कुमारी ने किया, जबकि निकिता कुमारी उप–कप्तान की भूमिका में रहीं। टीम में रेशम, कोमल, खुशी, प्रिया, अर्चना, मुस्कान राज, चांदनी, धर्मशीला, प्रियंका और स्वेता शाही ने अहम योगदान दिया। वहीं, उपविजेता रही पुरुष टीम की कमान शेखर कुमार के हाथों में थी और बजरंगी कुमार उप–कप्तान थे। टीम के अन्य सदस्यों में रितेश रंजन, राजू, राजन, प्रिंस, गोलू, आकाश आर्य, सुधांशु, नंदन, विक्रम और प्रमानंद कुमार शामिल थे।




खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर नालंदा के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। वरीय उप समाहर्ता सह जिला खेल प्राधिकारी आलोक चंद चौधरी, रग्बी बिहार के महासचिव पंकज ज्योति, नालंदा रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष मुन्नालाल और नालंदा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रो. सुनीता सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। इसके अलावा जिला कला संस्कृति पदाधिकारी शालिनी प्रकाश, डॉ. रवि चंद कुमार, रग्बी प्रशिक्षक अनिरुद्ध कुमार सहित कई खेल विशेषज्ञों और शारीरिक शिक्षकों ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे नालंदा के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।






## बकाया वेतन रिलीज कराने के नाम पर 17 हजार घूस लेते शिक्षक गिरफ्तार, बीईओ भी नामजद

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, चंडी (नालंदा)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम ने सा. मवार को चंडी प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में छापेमारी कर एक संसाधन शिक्षक को 17 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शिक्षक की पहचान मनोज कुमार वर्मा के रूप में हुई है। इस मामले में चंडी की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) पुष्पा कुमारी को भी मुख्य अभियुक्त बनाया गया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई एक पीड़ित शिक्षक की शिकायत पर की गई। शिकायत में बताया गया था कि वर्ष 2017 से 2019 के दौरान मिड डे मील में कथित गड़बड़ी के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया था। बाद में अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए रोके गए वेतन के भुगतान का आदेश दिया था। जिला स्तर से भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उनका बकाया वेतन जारी नहीं किया जा रहा था। पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि बकाया वेतन भुगतान कराने के बदले 17 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस संबंध में उन्होंने निगरानी विभाग से शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई. ।इसके बाद कांड संख्या 19/26 दर्ज कर विशेष धावा दल का गठन किया गया। योजना के तहत सोमवार को पीड़ित शिक्षक चंडी बीआरसी पहुंचे और वहां मौजूद संसाधन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा को जैसे ही 17 हजार रुपये दिए, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि मनोज कुमार वर्मा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुमारी के निर्देश पर ही यह रिश्वत की राशि ले रहे थे। इसके आधार पर निगरानी टीम ने बीईओ पुष्पा कुमारी को भी मामले में नामजद अभियुक्त बनाया है। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम आरोपी शिक्षक को अपने साथ पटना ले गई, जहां उससे आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग और प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

## नाबालिग के अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** शहर के लेनिन नगर से एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में पुलिस ने एक युवक को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाक्षेत्र के जत्ती भगवानपुर के अवैध हथियार मामले में फरार चल रहे एक युवक को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि लेनिन नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को झांसे में लेकर एक युवक अपहरण करने की फिराक में है। उसकी पुत्री उसी के साथ घर से निकली है। लड़की की मां ने एससी–एसटी एक्ट सहित छेड़खानी का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि एसआई रेखा कुमारी के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने रेड एंड सर्च ऑपरेशन चलाया। मखदुम कुंड के समीप नाबालिग लड़की और आरोपी युवक को पुलिस ने दबोच लिया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी युवक जिले के खुदागंज थानाक्षेत्र निवासी मो अब्दुल रहमान है। उन्होंने बताया कि आरोपी बोर्ड की परीक्षा के दौरान लड़की के संपर्क में आया था। नतीजतन सोमवार को लड़की को घर से भगाकर ले जाने के क्रम में दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया कि थानाक्षेत्र के जत्ती भगवानपुर निवासी शैलेन्द्र यादव को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान अवैद्य हथियार मामले में इस गांव से कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। तब से उक्त आरोपी फरार चल रहा था।

## 4.24 अरब के बजट पर मंथन : बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में शहर के विकास, वेंडिंग जोन और बुनियादी सुविधाओं को लेकर अहम फैसले

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, बिहार शरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम कार्यालय में सोमवार को महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए नगर निगम का वार्षिक बजट रहा, जिसे महापौर द्वारा समिति के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बजट के सारांश के अनुसार, आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कुल अनुमानित आय 4,24,68,72,568 रुपये (लगभग 4.24 अरब) रहने का अनुमान है।

**बजट का गणित और अनुमानित व्यय**

प्रस्तुत बजट के आंकड़ों के अनुसार, नगर निगम के पास 2,45,81,65,568 रुपये का प्रारंभिक शेष अनुमानित है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026–27 की अनुमानित आय 1,78,87,07,000 रुपये जोड़ी गई है। वहीं, शहर के विकास और प्रशासनिक कार्यों पर होने वाला कुल अनुमा. नित व्यय 2,06,87,45,000 रुपये निर्धारित किया गया है। व्यय के बाद निगम के पास 2,17,81,27,568 रुपये का अंतिम शेष बचने का अनुमान लगाया गया है। सदस्यों ने बजट का गहन अवलोकन कर विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की।



**शहर के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं पर निर्णय**

बैठक में सदस्यों द्वारा शहर की व्यवस्था को सुधारने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। नगर निगम ने निर्णय लिया है कि वेंडिंग जोन के निर्माण में अब सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा, जिसमें शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्लेटफॉर्म और शेड का निर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शहर की प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, उपकरणों की मरम्मति के साथ–साथ सड़क और नालों के रखरखाव के लिए 'अभिरुचि की अभिव्यक्ति' (EOI) के माध्यम से एक सक्षम एजेंसी का चयन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों ने चर्चा के उपरांत इस बजट को आगामी बोर्ड की बैठक में अंतिम रूप से पारित करने हेतु रखने का निर्णय लिया है। बैठक में उप महापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा सहित समिति के अन्य सदस्य और कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।


अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120



# कृषि यंत्रीकरण सह किसान मेला का शुभारंभ, आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए किसानों को किया गया प्रेरित

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, बिहार शरीफ (नालंदा)।** श्रम कल्याण मैदान में सा. `मवार को दो दिवसीय जिला कृषि यंत्रीकरण सह किसान मेला 2025–26 का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों और नई कृषि तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उद्घाटन समारोह को संबो. धित करते हुए जिलाधिकारी ने किसानों को आधु. निक कृषि तकनीकों और कृषि यंत्रीकरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से खेती की लागत कम होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्हा. `ने किसानों और कृषि विभाग के पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इनमें किसानों को प्रति यूनिट लागत और आय का आकलन करने, मक्को (डांवव) की खेती को बढ़ावा देने, हाई वैल्यू क्रॉप की खेती को प्रोत्साहित करने, भूमि की मिट्टी की जांच कराने तथा फूड प्रोसेसिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही किसानों को अपनी कुल जमीन का 80 प्रतिशत भाग पारंपरिक फसलों और 20 प्रतिशत भाग हाई वैल्यू क्रॉप की खेती के लिए उपयोग करने की सलाह दी। जिला. धिकारी ने नूरसराय को कृषि अभियंत्रण का हब बनाने, रेड लेडी पपीता और जी–9 केला की खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों की सफलता की कहानियों पर आधारित वार्षिक पत्रिका और कृषि विभाग की योजनाओं से संबंधित बुकलेट प्रकाशित करने का भी सुझाव दिया।









इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने भी किसानों और कृषि विभाग के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, मडुआ और रागी के उत्पादन और प्रचार–प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचाया जाए तथा प्रसार कर्मी ग्राम स्तर तक किसानों को योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने मंच पर उपस्थित जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अन्य पदाधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों और दूर–दराज से आए किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि यह मेला किसानों को आधुनिक तकनीक, नई कृषि पद्धतियों और उन्नत कृषि यंत्रों से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न कंपनियों और विभागों द्वारा ट्रैक्टर, पावर टिलर, रीपर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज मशीन, ड्रोन तकनीक सहित कई आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि किसान इन तकनीकों को समझकर अपनी खेती में अपनाएं।

जिला कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और राज्य योजना के तहत खरीफ और रबी मौसम में धान, गेहूं, दलहन, तेलहन और मोटे अनाज के 29283.18 क्विंटल अनुदानित बीज जिले के 92602 किसानों के बीच वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जैविक कॉरिडोर के तहत जिले के 12 प्रखंडों में 2000 एकड़ क्षेत्र में 2117 किसान जैविक खेती कर रहे हैं। वहीं सरमेरा में समेकित कृषि अनुसंधान एवं कृषक समृद्धि केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसका 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके बनने के बाद नालंदा सहित आसपास के जिलों के किसानों को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, वर्मी कंपोस्ट और मशरूम उत्पादन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 1,76,688 किसानों को कुल 35.34 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई है। कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत वर्ष 2025–26 में 6.03 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ, जिसमें से 2.75 करोड़ रुपये के कृषि यंत्र 1233 किसानों द्वारा उठाए गए हैं। फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर सरकार द्वारा 75 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025–26 में 11236 मृदा नमूनों की जांच कर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं। वहीं जिले के 15 प्रखंडों में 750 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की जा रही है, जिससे 1875 किसान लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता, विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।


# ईद, रामनवमी, चौती छठ व महावीर जयंती को लेकर प्रशासन अलर्ट – डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, सुरक्षा और व्यवस्था चाक–चौबंद रखने का आदेश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** सोमवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर–तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आगामी पर्व–त्योहारों को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में आने वाले प्रमुख पर्व–त्योहार जैसे ईद–उल–फितर, चिरागा मेला, रामनवमी, चौती छठ पूजा और महावीर जयंती के अवसर पर विधि–व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्व–त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और अन्य आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व–त्योहारों के अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिक. ारी और पुलिस पदाधिकारी अपने–अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित रहकर कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनुपस्थित पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान (Ease of Living)" के तहत आम लोगों को सरकारी कार्यालयों में सुविधा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारी आमजनों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनेंगे और उनका त्वरित समाधान करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी कारण से संबंधित अधिकारी उपस्थित नहीं रह पाते हैं तो उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी आमजनों से मिलकर शिकायतों का निपटारा करेंगे। साथ ही सभी कार्यालयों में आगंतुकों के बैठने, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा शिकायतों का पंजी संधारित किया जाएगा। बैठक में मलमास मेला 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाने के लिए कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को आपसी समन्वय के साथ कैंप लगाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला जनता दरबार की समीक्षा करते हुए वर्ष 2026 में प्राप्त सभी शिकायतों के शत–प्रतिशत निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही निष्पादित मामलों की रिपोर्ट गूगल डॉक पर अपडेट करने को कहा गया। भूमि विवाद से संबंधित मामलों का भी त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



उन्होंने सभी तकनीकी पदाधिकारियों को सड़क, भवन, पुल–पुलिया आदि के निर्माण कार्यों में रैयतों से एनओसी प्राप्त करने और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लघु सिंचाई प्रमंडल को जिले के पईन और आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कार्रवाई करने को कहा गया ताकि सिंचाई के लिए हर खेत तक पानी पहुंच सके। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना और कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के भी निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए नल–जल से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए क्यूआरटी और मोबाइल व्हीकल की व्यवस्था की जाए, जिसमें अतिरिक्त मोटर और मैकेनिक भी उपलब्ध हों ताकि तुरंत समस्या का समाधान किया जा सके। इसके अलावा राजस्व विभाग को म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस और ई–मापी के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारियों को राशन कार्ड के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और खाद्यान्न वितरण शत–प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को राजगीर और बिहारशरीफ में अंतरराज्यीय बस स्टैंड निर्माण के लिए स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया। वहीं मद्यनिषेध के तहत शराब विनष्टीकरण के कार्य को शत–प्रतिशत पूरा करने तथा हिलसा में उत्पाद थाना निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में बाढ़ से पूर्व तटबंधों की मरम्मत, स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग तथा अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एक्स–रे मशीनों को क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, विभागीय जांच के अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्थापना उपसमाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।








# नशे में हुआ विवाद बना मौत की वजह : दोस्त ने दोस्त की पीट-पीटकर हत्या की, पुलिस ने 12 घंटे में आरोपी दबोचा

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए हिलसा जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी हिलसा–2 इस्लामपुर के पुलिस उपाधीक्षक कुमार ऋषि राज ने सोमवार को इस्लामपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। डीएसपी कुमार ऋषि राज ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि इस्लामपुर नगर के केवई रोड के पूरब पईन के किनारे एक लगभग 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान इस्लामपुर नगर के दक्षिणी मलहविगहा मोहल्ला निवासी मो. शमीम उर्फ फेंकू मियां के पुत्र मो. फैजान के रूप में हुई। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने उसके ही दोस्त मो. अजहर अंसारी उर्फ उद्दीन पर हत्या का आरोप लगाते हुए इस्लामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मलहविगहा मोहल्ला में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह मो. फैजान को उसके घर से बुलाकर ले गया था। दोनों साथ बैठकर नशा कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई।



मारपीट के दौरान मो. फैजान गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने शव को केवई रोड के पास पईन के किनारे फेंक दिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान दक्षिणी मलहविगहा मोहल्ला निवासी मो. महफूज आलम के पुत्र मो. अजहर अंसारी उर्फ उद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए हिलसा जेल भेज दिया है। इस कांड के उद्भेदन में इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, अपर थानाध्यक्ष रामकुमार पाल, पुलिस अवर निरीक्षक रामानुज सिंह सहित अन्य सशस्त्र बल के जवानों की अहम भू. मिका रही।

# एक साल बाद अपहृत नाबालिग युवती चंपारण से सकुशल बरामद



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के रूपनचक गांव से एक वर्ष पूर्व अपहृत नाबालिग युवती को पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के रौशनपुर सपहा गांव से सकुशल बरामद कर लिया है। हिलसा–2 इस्लामपुर के पुलिस उपाधीक्षक कुमार ऋषि राज ने बताया कि मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पूर्वी चंपारण के सुगौली थाना क्षेत्र के रौशनपुर सपहा गांव में छापेमारी कर युवती को बरामद किया। बरामदगी के बाद पूछताछ के दौरान युवती ने पुलिस को बताया कि घरवालों द्वारा जबरन शादी कराए जाने के डर से वह खुद ही अपने घर से भाग गई थी। घर छोड़ने के बाद वह अपने एक रिश्तेदार के यहां चंपारण में रह रही थी। युवती ने बताया कि वहीं रहने के दौरान कुछ लोगों ने उसे अनाथ समझकर अपने घर ले गए और बाद में विधिवत उसकी शादी करा दी। पुलिस ने युवती को बरामद कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# नेशनल पैरा एथलेटिक्स में नालंदा के खिलाड़ियों का कमाल, कई स्पर्धाओं में जीते स्वर्ण–रजत पदक




**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 12वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर ऑटिज्म और 21वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर सीपी (सेरेब्रल पाल्सी) में नालंदा जिला के पैरा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। 14 और 15 मार्च को आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के छह खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। नालंदा ऑन स्पॉट संगठन के सचिव कुंदन कुमार पांडे ने खिलाड़ियों की सफलता की जानकारी देते हुए बताया कि हरनौत क्षेत्र के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। चेरो गांव निवासी गरीबन साव की पुत्री आरुषि ने सब–जूनियर महिला वर्ग की 50 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने सॉफ्टबॉल थ्रो स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं खिलाड़ी सार्थक राज ने सॉफ्टबॉल थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया, जबकि दौड़ स्पर्धा में उन्हें कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सीनियर पुरुष वर्ग में अंकित ने सॉफ्टबॉल थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर नालंदा की झोली में एक और उपलब्धि जोड़ी।दो दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 19 राज्यों से करीब 600 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और अन्य ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके जज्बे की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। पदक तालिका में मेजबान बिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 37 स्वर्ण, 52 रजत और 28 कांस्य पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं गुजरात दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहे। नालंदा के खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर जिले के खेल प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हरनौत में किराना दुकान में भीषण आग, 7–8 लाख का सामान जलकर राख; दुकानदार ने प्रशासन से मांगा मुआवजा

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** नालन्दा जिला के हरनौत थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक किराना दुकान में बीती रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर खाक हो गया। आग की इस लपटों में करीब 7 से 8 लाख रुपये की संपत्ति की क्षति का प्रारंभिक अनुमान लगाया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है। पीड़ित दुकानदार मुन्नू साव उर्फ श्याम बालक साव ने बताया कि वे हर रोज की तरह रविवार की देर शाम दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात करीब दो बजे पड़ोसियों ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि दुकान से आग की लपटें निकल रही हैं। जब तक वे मौके पर पहुँचे, आग पूरी तरह विकराल रूप धारण कर चुकी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और आसपास के घरों के समरसेबल मोटर पंप चलाकर अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश शुरू की। आग इतनी भीषण थी कि बंद दुकान का शटर धधक रहा था और पूरा मकान अत्यधिक गर्म हो गया था। दुकान के ऊपर स्थित पतंजलि स्टोर के संचालक रौशन कुमार ने बताया कि नीचे से उठ रही लपटों के कारण छत इतनी गर्म हो गई थी कि कमरे में धुआं भर गया, जिसके चलते उन्हें रात में ही आनन–फानन में अपना सामान सुरक्षित स्थान पर हटाना पड़ा।



सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना और बिहारशरीफ से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुँचीं। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।वहीं, इस दौरान स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग के प्रति नाराजगी भी जाहिर की। लोगों का आरोप है कि दमकल वाहन में तकनीकी खराबी के कारण आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू करने में देरी हुई, जिससे नुकसान का दायरा बढ़ गया। घटना की पुष्टि करते हुए अग्निशमन पदाधिकारी अमरजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुँची और आग पर नियंत्रण पा लिया गया। उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि वे दुकान बंद करते समय बिजली के मुख्य स्विच को ऑफ जरूर करें, ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी संभावित घटनाओं से बचा जा सके। आवेदन प्राप्त हुआ मामलें की जांच की जा रही है।



# इस्लामपुर में दावत–ए–इफ्तार का आयोजन रोजेदारों ने मांगी अमन–चौन की दुआ

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, इस्लामपुर (नालंदा)।** रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर इस्लामपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विवेक कुमार सिन्हा के द्वारा दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। रोजेदारों ने नमाज अदा करने के बाद खजूर, फल, पकौड़ी, शरबत सहित विभिन्न व्यंजनों के साथ अपना रोजा खोला। इस दौरान देश और दुनिया में अमन–चौन, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी मांगी गई। इस मौके पर विवेक कुमार सिन्हा ने सभी रोजेदारों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान का महीना बेहद पाक और बरकत वाला होता है। इस महीने में की गई इबादत और दुआओं का विशेष महत्व होता है तथा लोगों का विश्वास है कि इस पवित्र माह में की गई दुआएं कबूल होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, अधिवक्ता किशोर कुमार, शिशुपाल यादव, सियाराम प्रसाद सिंह, अधिवक्ता मिथिलेश प्रसाद, मो. शमीम आलम, मो. असलम, शाहनवाज आलम, सलीम शहजादा, देवेंद्र प्रसाद, भगवान प्रसाद उर्फ कवि अलबेला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बंद घर से 35 लाख के जेवरात व नकदी चोरी, इलाके में मचा हड़कंप

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, चंडी (नालंदा)।** चंडी थाना क्षेत्र के नैली गांव में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस वारदात के बाद गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार नैली गांव निवासी सुधीर कुमार सिंह के बंद घर में घुसकर चोरों ने करीब 35 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने बताया कि चोर घर में रखे लगभग 20 भर सोना और करीब दो लाख रुपये नकद समेत कई कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी हुए सामानों में तीन सोने की चेन, दो हार, पांच अंगूठियां, दो जोड़ी बाली, चार नथिया, छह जोड़ी पायल, दस बिछिया तथा एक कमरधनी शामिल हैं। पीड़ित के अनुसार अधिकांश जेवर उनकी बहन की शादी के समय चढ़े हुए थे, जिन्हें घर में सुरक्षित रखा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़ित ने मामले को लेकर चंडी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। वहीं पुलिस ने आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।



# नालंदा में खौफनाक वारदात – पति ने पत्नी की हत्या कर गंगा में बहाया शव, CCTV से खुली साजिश, पुलिस पूछताछ में पति ने कबूला जुर्म



**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला प्रकाश में आया है, जहाँ एक पति ने अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को फतुहा के पास गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार. 'वाई करते हुए आरोपी पति अंतेश कुमार उर्फ अमतेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

**पिता की शिकायत पर शुरू हुई जांच**

मामले का खुलासा तब हुआ जब जहानाबाद जिले के काको थाना अंतर्गत देवचंद बिगहा निवासी वादी योगेंद्र प्रसाद ने 13 मार्च 2026 को इस्लामपुर थाने में अपनी पुत्री कांति देवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2012 में अपनी पुत्री की शादी चुलहन बिगहा निवासी अंतेश कुमार से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। करीब चार माह पूर्व सामाजिक समझौते के बाद कांति अपने ससुराल आई थी, लेकिन कुछ दिनों से संपर्क न होने पर जब पिता चुलहन बिगहा पहुँचे, तो ससुराल वालों ने बताया कि वह भाग गई है। संदेह होने पर पिता ने पुलिस की शरण ली।

**सीसीटीवी फुटेज ने खोली पोल**

हिलसा डीएसपी–2 कुमार ऋतुराज ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वैज्ञानिक एवं पारंपरिक अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

पुलिस ने जब अंतेश कुमार को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। अंतेश ने बताया कि वह अपनी पत्नी से तंग आ गया था, इसलिए उसने अपने बहनोई के साथ मिलकर फतुहा में उसकी हत्या कर दी और शव को गंगा में फेंक दिया। पुलिस को फतुहा के मस्ताना घाट के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी और मृतका के फुटेज भी मिले हैं, जो अपराध की पुष्टि करते हैं।

**विवाद और प्रताड़ना का पुराना इतिहास**

डीएसपी ने बताया कि पति–पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। वर्ष 2024 में कांति देवी ने पति के खिलाफ प्रताड़ना का केस भी दर्ज कराया था। डीएसपी ने बताया कि आरोपी पति ने स्वीकार किया है कि आपसी कलह और शक के चलते उसने इस जघन्य कांड को अंजाम दिया। पुलिस ने इस्लामपुर थाना कांड संख्या 95/26 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कांड के उद्भेदन में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, अपर थानाध्यक्ष राम कुमार पाल सहित अन्य पुलिसकर्मियों की मुख्य भूमिका रही। फिलहाल पुलिस शव की बरामदगी और सह–आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



# दिव्यांगजनों के लिए बैट्री चालित तिपहिया साइकिल मरम्मत शिविर शुरू, 11 लाभुकों की साइकिल ठीक

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा द्वारा छत्र योजना (सम्बल) के अंतर्गत लाभुकों को वितरित बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी मरम्मत तथा खराब बैट्री और चार्जर के प्रतिस्थापन के लिए विशेष निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक तीन माह में वरीय उप समाहर्ता सह सहायक निदेशक प्राची रिया के पर्यवेक्षण में आयोजित किया जाता है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष का पहला शिविर मार्च माह में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को बिहारशरीफ प्रखंड, हरनौत, रहुई, नूरसराय तथा नगर निगम बिहारशरीफ क्षेत्र के दिव्यांगजन लाभुकों के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा में शिविर लगाया गया। इस शिविर में कुल 17 लाभुक उपस्थित हुए, जिनमें से 11 लाभुकों की बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी खराबियों की मरम्मत की गई। वहीं शेष 6 लाभुकों की साइकिलों की गारंटी अवधि समाप्त हो जाने के कारण उन्हें विभागीय निर्देशानुसार निर्धारित दर पर मरम्मत कराने की जानकारी दी गई।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च को अस्थावां, सरमेरा और बिंद प्रखंड के लिए सरमेरा कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा। 18 मार्च को करायपरसुराय, नगरनौसा, चंडी और इस्लामपुर प्रखंड के लाभुकों के लिए करायपरसुराय कार्यालय में शिविर आयोजित होगा। इसके बाद 19 मार्च को हिलसा, एकंगरसराय, परवलपुर और थरथरी प्रखंड के लाभुकों के लिए हिलसा कार्यालय में तथा 20 मार्च को गिरियक, कतरीसराय, राजगीर, बेन और सिलाव प्रखंड के लिए सिलाव कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों से संबंधित तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# आयुष ग्राम कार्यक्रम का आयोजन, छात्रों को योग, प्राणायाम और आयुष चिकित्सा पद्धतियों की दी गई जानकारी

**केशववाणी । अमर वर्मा की रिपोर्ट (नालंदा)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिला आयुष समिति नालंदा द्वारा सोमवार को राजकीयकृत उच्च विद्यालय बैरा कोचरा में आयुष ग्राम (सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऋतुचर्या, रोगों के निदान, संतुलित आहार–विहार, योग और प्राणायाम के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आयुर्वेद, होम्योपैथिक और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को योग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें।




इस आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कर्मचारी तथा सभी छात्र–छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में औषधीय पौधों का वितरण और पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नालंदा में प्रोजेक्ट मैनेजर ने लगाई फांसी, काम के तनाव में उठाया आत्मघाती कदम

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार थाना क्षेत्र के लो. हगानी मोहल्ले में सोमवार को एक निजी कंपनी में कार्यरत प्रोजेक्ट मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलवा निवासी ओमप्रकाश विश्वकर्मा के 37 वर्षीय पुत्र आशीष रंजन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आशीष रंजन पिछले दो वर्षों से बिहारशरीफ स्थित आनंद ट्रांसफार्मर प्राइवेट लि. मिटेड कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। वे लोहगानी मोहल्ले में अपने सहकर्मियों के साथ किराए के मकान में रहते थे। घटना की जानकारी सोमवार सुबह तब हुई जब काफी देर तक आशीष ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। मृतक के पिता ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार शाम करीब 7 बजे उनकी बेटे से फोन पर सामान्य बातचीत हुई थी। उस दौरान आशीष ने बताया था कि वह खाना खाने जा रहा है। सोमवार सुबह जब परिजनों ने आशीष को फोन किया तो उसने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद परिजनों ने उसके साथ रहने वाले स्टाफ को इसकी जानकारी दी। सहकर्मियों ने जब कमरे का दरवाजा काफी देर तक खटखटाया और अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, तब संदेह होने पर दरवाजा खोला गया, जहां आशीष रंजन का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार आशीष रंजन पिछले कुछ समय से काम के दबाव को लेकर मानसिक तनाव में थे। पिता ने बताया कि आशीष अक्सर अपनी पत्नी से कंपनी के अत्यधिक काम और प्रेशर की बात साझा करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक छोटे बेटे समेत भरा–पूरा परिवार छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में लिया। बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल (मॉडल अस्पताल) भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि आत्महत्या के पीछे केवल काम का तनाव था या कोई अन्य कारण भी है। परिजनों से आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# चाय–बिस्कुट की राजनीति' पर घमासान–संसद को पिकनिक स्पॉट बना रहा विपक्ष:भाजपा बोली

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नालंदा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान संसद भवन के मकर द्वार के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित करीब 20 विपक्षी सांसदों द्वारा चाय–बिस्कुट के साथ तथाकथित "चाय पार्टी" आयोजित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्ति. जनक है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है और इसकी गरिमा व मर्यादा बनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है। लेकिन इस तरह की गतिविधियों से संसद परिसर को 'पार्लियामेंट पिकनिक स्पॉट' बनाने का प्रयास किया गया, जो संसदीय परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि ओम बिरला द्वारा मकर द्वार पर किसी भी प्रकार के धरना–प्रदर्शन या राजनीतिक गतिविधि



पर स्पष्ट रोक लगाई गई है। इसके बावजूद विपक्षी सांसदों ने वहां बैठकर विरोध का प्रदर्शन किया, जो संसदीय नियमों और लोकसभा अध्यक्ष के निर्देशों की खुली अवहेलना है।राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि इस दौरान देश में रसोई गैस की कथित किल्लत को लेकर भी भ्रामक प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के हर नागरिक तक ऊर्जा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा करना सभी की सामू. हिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए विपक्षी दलों के इस कृत्य को जनता के सामने लाएगी और उनकी राजनीति को उजागर करेगी। साथ ही कांग्रेस सहित विपक्षी दलों से देश की जनता से माफी मांगने की मांग भी की जाएगी।

# सिलाव थाना के विभिन्न कांडो में फरार चल रहे नीतीश की हुई गिरफ्तारी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** सिलाव थाना क्षेत्र के कई कांडों में संलिप्त करियन्ना गांव निवासी भृगुनंदन प्रसाद के पुत्र नीतीश कुमार को राजगीर अनुमंडल पुलिस ने पटना के राजीव नगर से गिरफ्तार किया। डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि नीतीश कुमार कांड सं.–330/25 एवं अन्य कांडो के वांछित अपराधी रह चुका है। पिछले चार मं. हनों से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिये लगातार छापमारी की जा रही थी। इस दौरान नीतीश कुमार के द्वारा मनगढ़ंत व भ्रामक तथ्यों पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया भी किया जा रहा था। इसमें पुलिस पदाधिकारियों पर तरह–तरह का झूठा आरोप लगाया जा रहा था, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो रही थी, जिस संबंध में नीतीश कुमार पर विभिन्न तिथियों में एफआईआर दर्ज की गयी है। रविवार को नीतीश का लोकेशन राजीव नगर पटना में होने की सूचना मिली। उक्त सूचना से एसपी को सूचित किया गया। एसपी के द्वारा डीएसपी राजगीर को टीम गठित कर छापामारी व गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। डीएसपी के नेतृत्व में सिलाव, राजगीर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पटना गये और राजीव नगर थाना के सहयोग से राजीव नगर रोड नं.–24 मुकेश यादव के मकान के किराये के कमरे से गिरफ्तारी की गयी। नीतीश कुमार के किराये के कमरे से मोबा. ईल, टैब एवं राउटर बरामद किया गया है।

# सादिकपुर गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन हुआ संपन्न, श्रद्धालुओं के बीच बाटे गए प्रसाद

**केशववाणी सुनील कुमार सिन्हा की रिपोर्ट, हिरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के पचौरा पंचायत के सादिकपुर गांव में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से गांव में स्थित देवी स्थान मंदिर के परागण में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था जो रविवार की सुबह 10 बजे पूरे श्रद्धा के साथ संपन्न हो गया। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी देवी स्थान मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था। अखंड कीर्तन में बच्चे,युवा,पुरुष के साथ–साथ महिलाओं में भी चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया। दो दिनों तक गांव में भक्ति मय का वातावरण बना रहा। अखंड कीर्तन को लेकर मंदिर परिसर को रंग–बिरंगे लाइट एवं फूलों से सजाया गया था। वही अखंड कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम में पचौरा पंचायत के मुखिया राम प्रवेश पासवान, एवं सदन राउत, मिथिलेश राउत,गणेश पंडित, अंकित कुमार, शुभम कुमार, रम्यतन पासवान ,राकेश कुमार, करीना कुमारी, छोटी कुमारी, संजू देवी, बबीता देवी, मीना देवी, कंचन देवी, रेणु देवी, सुषमा देवी, प्रमिला देवी, सुधा देवी, लाक्षों देवी समेत पूरे ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग रहा।

BP
Shri Sai
Mob: - 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120